
# केटी और मोना लिसा

जेम्स मेयू



युवा केटी, कला प्रेमी थी और उसने अपने पहले जादुई साहसिक कार्य में "इम्प्रेशनिस्ट" पेंटर्स की दुनिया में कदम रखा था. अब वो खुद मोना लिसा के साथ बाहर निकल रही है!

मोना लिसा जैसी प्रसिद्ध महिला द्वारा अपनी पेंटिंग के अंदर आने के लिए आमंत्रित दिए जाने पर, केटी को जल्द ही पता चलता है कि मोना लिसा बहुत अकेली है. फिर हाथ-में-हाथ डालकर, केटी और मोना लिसा कैनवास से बाहर निकलती हैं और संग्रहालय में नए दोस्तों की तलाश करती हैं. राफेल की पेंटिंग "सेंट जॉर्ज एंड ड्रैगन" के अंदर चढ़ते हुए, वे एक वीर शूरवीर और आग उगलते ड्रैगन से मिलती हैं. बोटिसेली की पेंटिंग "प्रिमावेरा" उन्हें वसंत ऋतु के स्वर्ग से परिचित कराती है, और कार्पेस्को का "द लायन ऑफ सेंट मार्क" उन्हें वेनिस ले जाता है. यह दोनों के लिए एक महान साहसिक कार्य है, लेकिन - मम्मा मिया! - संग्रहालय जल्द ही अस्त-व्यस्त हो जाता है. लेकिन भगवान का शुक्र है, "एन एनजिल विद ए फ्लूट" पेंटिंग पास में ही है!

ललित कला और चतुर सनक का एक मजाकिया मिश्रण, यह इतालवी पुनर्जागरण की उत्कृष्ट कृतियों का एक आकर्षक परिचय भी है.



# केटी और मोना लिसा

जेम्स मेयू





केटी और उसकी दादी अक्सर एक साथ संग्रहालयों में घूमने जाती थीं. दादी, केटी को उन सभी प्रसिद्ध पेंटिंगों के बारे में बताती थीं जो केटी को पसंद थीं.

"तुम्हें कौन सी पेंटिंग सबसे अच्छी लगी?" दादी ने पूछा.

"मोना लिसा," केटी ने कहा. "क्योंकि वो मेरी ओर देखकर मुस्कुराई."

"देखो, वो हर किसी को देखकर मुस्कुराती है," दादी ने कहा, "यही कारण है कि वो जग-प्रसिद्ध है."



"उसके मुस्कुराने का क्या कारण है?" केटी ने पूछा.

"मुझे नहीं पता," दादी ने कुर्सी पर आराम करते हुए कहा. "शायद तुम्हें उसे करीब से देखना चाहिए."



पेंटिंग के पास नोट पढ़ते हुए केटी ने कहा, "लियोनार्डो दा विंची द्वारा रचित मोना लिसा."

"काश मुझे तुम्हारी मुस्कान का राज़ पता होता."

"तो अंदर आ जाओ, बम्बिना," मोना लिसा ने कहा.

केटी बहुत हैरान हुई. लेकिन दादी ऊंघ रही थीं और संग्रहालय खाली था.

फिर केटी फ्रेम के ऊपर और पेंटिंग के अंदर घुस गई.


मोना लिसा बालकनी वाले एक भव्य कमरे में बैठी थी.

"बम्बिना!" उसने कहा. "तुम्हें देखकर मुझे कितना अच्छा लगा. सैकड़ों वर्षों से मुझ से यहाँ कोई मिलने नहीं आया है!"

"यह तो बहुत लंबा समय है," केटी ने कहा. “क्या तुम्हें अकेलापन महसूस नहीं होता है?”

"हाँ, बहुत," मोना लिसा ने कहा. "मुझे मुस्कुराना चाहिए, लेकिन मैं वैसा करके बिल्कुल भी खुश महसूस नहीं करती हूं."





मोना लिसा उदास दिखने लगी. उसके गाल पर एक छोटा सा आंसू लुढ़का और उसकी मुस्कान गायब हो गई.

"मैं तुम्हें खुश कर दूंगी," कैटी ने उसे रूमाल देते हुए कहा.

मोना लिसा ने अपनी नाक फुलाते हुए कहा, "जब लियोनार्डो ने मुझे बनाया था, तो उन्होंने जोकरों और संगीतकारों को बुलाया था जिससे मैं मुस्कुरा सकूं."

"क्या आप नाच सकती हैं या गा सकती हैं?"



"हाँ, लेकिन मेरे पास उससे एक बेहतर विचार है," केटी ने कहा.

उसने मोना लिसा का हाथ पकड़ा और बहुत सावधानी से वे पेंटिंग से बाहर निकलकर संग्रहालय में चलने लगे.

"आप यहां अपनी पसंद के किसी भी व्यक्ति से मिल सकती हैं," केटी ने कहा. "मुझे यकीन है कि यहाँ कोई ऐसा ज़रूर होगा जो आपकी मुस्कुराहट को फिर से वापिस लाएगा."



उन्होंने एक-एक करके पेंटिंग्स को देखा.


आख़िरकार वे राफेल की पेंटिंग "सेंट जॉर्ज एंड द ड्रैगन" के सामने रुके.

"चमकदार कवच में एक शूरवीर!" मोना लिसा ने कहा. "क्या मैं उससे मिल सकती हूँ?"

"अगर हम अंदर चढ़ कर उसमें घुसें तो," केटी ने कहा.


फिर मोना लिसा ने अपनी लंबी स्कर्ट उठाई, और केटी उसे फ्रेम में से अंदर ले गई.





सेंट जॉर्ज एक खूबसूरत राजकुमारी को आग उगलने वाले ड्रैगन से बचा रहा था. लेकिन जब उसने मोनालिसा को देखा तो वो राजकुमारी के बारे में सब कुछ भूल गया.

"आह! बेला!" उसने अपने घोड़े से उतरते हुए कहा. फिर उसने मोना लिसा के हाथ को बड़ी बहादुरी से चूमा.




फिर ड्रैगन तुरंत भाग गया और फिर राजकुमारी का पीछा करने लगा.

"मामा मिया!" मोना लिसा चिल्लाई.

"मदद करो! मुझे बचाओ!" राजकुमारी चिल्लाई. वो तस्वीर में से बाहर उछली और ड्रैगन उसके पीछे उड़ने लगा.

सेंट जॉर्ज ने अपना भाला पकड़ा और वो बचाव के लिए दौड़ पड़ा.



मोनालिसा ने आह भरते हुए कहा, "अब मैं फिर से बिल्कुल अकेली हूं."

"शायद हम किसी अन्य पेंटिंग को आज़मा सकते हैं," केटी ने सुझाव दिया.

वे पेंटिंग से बाहर निकले और दूसरे कमरे में चले गये.





मोना लिसा ने सैंड्रो बोथीसेली की एक पेंटिंग की ओर इशारा किया, जिसे "प्रिमावेरा" कहा जाता था. उसका अर्थ था वसंत.

"ज़रा नर्तकियों को देखो!" उसने कहा. "मुझे उनसे मिलना बड़ा अच्छा लगेगा!"

फिर केटी पेंटिंग के अंदर चली गई, और मोना लिसा तेजी से उसके पीछे-पीछे घुस गई.



केटी और मोना लिसा ने खुद को एक जादुई उपवन में पाया जहां
हर कोई नाच रहा था. फूलों की मीठी खुशबू हवा में भर गई थी.



फूलों की पोशाक में एक खूबसूरत महिला ने कहा, "वसंत ऋतु में आपका स्वागत है."
"मैं फ्लोरा हूं. आओ मेरे साथ और संतरों का स्वाद लो."



फ्लोरा ने केटी को पेड़ों से मीठे, रसीले संतरे इकट्ठा करने में मदद की, जबकि मोना लिसा नृत्य में शामिल हो गई.

उसने कहा, "अगर मैं यहां रुकती तो मैं खुश होती."



लेकिन केटी फिसल कर तीनों डांसर्स के ऊपर गिर गईं. वे सभी कुचले हुए संतरे से ढक गए और जमीन पर गिर पड़े.

"तुमने वसंत ऋतु के नृत्य को बर्बाद कर दिया है!" फिर नर्तकियों ने केटी का पीछा करना शुरू कर दिया.

"शायद सबसे अच्छा यही होगा अगर हम यहाँ न रहें," केटी ने कहा.

"मुझे लगता है कि तुम सही कह रही हो," मोना लिसा ने आह भरी.



वे जल्दी से पेंटिंग से बाहर निकलीं और इससे पहले कि तीनों नर्तकी उन्हें पकड़ पातीं वे दूसरे कमरे में भाग गईं.

मोना लिसा ने विटोर कार्पैसिओ की "द लायन ऑफ सेंट मार्क" नामक एक पेंटिंग देखी.

उसने शेर के पीछे के वेनिस शहर को पहचान लिया. मोना लिसा ने आह भरते हुए कहा, "मैं हमेशा से वेनिस जाना चाहती थी."

केटी ने सोचा कि उन गुस्सैल नर्तकियों से छिपने के लिए वो एक अच्छी जगह होगी. उसने मोना लिसा का हाथ पकड़ा और वे फ्रेम से होते हुए पेंटिंग में चली गयीं.




शेर बहुत मिलनसार था. "वेनिस में आपका स्वागत है!" उसने कहा.

"यहाँ तो हर जगह पानी ही पानी है," केटी ने कहा. "क्या बाढ़ आ गई है?"

"वेनिस समुद्र पर बनाया गया था," शेर ने कहा, "मैं तुम्हें पानी के पार ले चलूँगा."

वे दोनों शेर की पीठ पर चढ़ गईं, और फिर शेर ने अपने सुंदर इंद्रधनुषी पंख खोले और वो आकाश में उड़ गया.

उनके नीचे वेनिस चाँदी और सोने की तरह चमक रहा था.



शेर उन्हें ग्रैंड कैनाल तक ले गया, और वे गोंडोला नाम की एक नाव में कूद गए.

वेनिस के लोगों ने हाथ हिलाया, गाने गाए और उन्हें खाने के लिए पास्ता और आइसक्रीम दी.

केटी हर चीज़ दुबारा खाना चाहती थी, लेकिन तभी उसने देखा कि गोंडोला में रिसाव हो रहा था.

"मेरी पोशाक बर्बाद हो जाएगी!" मोना लिसा चिल्लाई. "हम क्या करें?"

"वापिस चढ़ो!" शेर ने कहा, "मैं तुम्हें पेंटिंग के फ्रेम में वापस ले जाऊंगा."

उन्होंने शेर की अयाल पकड़ ली और फिर वो आकाश में उड़ गया.

"मैं फिसल रही हूँ!" शेर के एक पंख पर लटकते हुए कैटी चिल्लाई.

"हे प्रिय," शेर ने कहा, "मुझे लगता है कि मैं... दुर्घटनाग्रस्त होने जा रहा हूँ!"



फिर वे सीधे फ्रेम के माध्यम से उड़ते हुए संग्रहालय में जा गिरे.

"मामा मिया!" मोना लिसा ने कहा.

वहाँ, उनके सामने, ड्रैगन बैठा था. उसने धुएँ के बादल उड़ाये और उन पर दहाड़ने लगा.



उस ड्रैगन के पीछे सेंट जॉर्ज और राजकुमारी और तीन नर्तक खड़े थे. वे सभी काफी गुस्से में दिख रहे थे.

"ओह प्रिय, क्या गड़बड़ है!" केटी ने कहा. "अब हम क्या करेंगे?"





अचानक संग्रहालय मधुर संगीत से भर गया. वो लियोनार्डो दा विंची के एक छात्र द्वारा चित्रित एक अन्य पेंटिंग, "एन एंजेल विद ए ल्यूट" से लिया गया था.

देवदूत अपनी पेंटिंग से बाहर निकला और उसने ड्रैगन को सहलाया. ड्रैगन ने तुरंत गुर्राना बंद कर दिया. वो लेट गया और अपनी पूंछ हिलाने लगा.

"तुम कितने चतुर हो!" राजकुमारी ने कहा. "तुमने उसे वश में कर लिया है!"

राजकुमारी ने अपनी बेल्ट उसके गले में डाल दी और वो उसे गर्व से पेंटिंग के पास वापस ले गई.

सेंट जॉर्ज ने एक बार फिर मोना लिसा का हाथ चूमा और उनके पीछे चला.





देवदूत ने संगीत बजाना शुरू कर दिया, और तीनों नर्तकी सुंदर ढंग से मुस्कुरायीं फिर घूमीं और खुशी से संतरे के बाग में वापस चली गईं.

शेर दहाड़ते हुए विदा लेकर वापस वेनिस की ओर उड़ गया.

"कृपया, क्या आप मोना लिसा की मदद कर सकते हैं?" केटी ने देवदूत से कहा. "मैं चाहती थी कि वो मुस्कुराए लेकिन सब कुछ गलत हो गया."

"उसे मेरी मदद की ज़रूरत नहीं है," देवदूत ने कहा, "तुम सिर्फ देखो!"

और जब केटी ने देखा तो मोना लिसा वाकई में मुस्कुरा रही थी.

"मामा मिया!" उसने कहा. "हमने आज कितनी मस्ती की, बम्बिना. क्या वो मजेदार नहीं था?"

"हाँ, था," केटी ने कहा, और फिर वे दोनों हँसे.





केटी ने देवदूत को धन्यवाद दिया और उसे अपनी पेंटिंग में वापस उड़ते हुए देखा.

"क्या आप अपनी पेंटिंग से खुश हैं?" केटी ने मोना लिसा से पूछा.

"मैं तुम्हारे बारे में हमेशा सोचूंगी और उससे मुझे हंसी आएगी," मोना लिसाने फ्रेम में चढ़ते हुए कहा. "मुझे फिर से मेरी मुस्कराहट वापिस दिलाने के लिए धन्यवाद, बम्बिना. एडिओ."

"एडिओ!" केटी ने कहा.

केटी वापस अपनी दादी के पास भागी.

"मुझे मोना लिसा की मुस्कान के बारे में सबकुछ पता चल गया है!" केटी ने कहा. "लेकिन मैं आपको नहीं बताऊँगी, क्योंकि आप मुझ पर विश्वास नहीं करेंगी."

"तुम्हारी बात शायद सही हो," दादी ने कहा, "अच्छा, यह बताओ कि तुम रात को क्या खाना चाहोगी?"



"पास्ता और आइसक्रीम," केटी ने कहा. "वे मेरे पसंदीदा चीज़ें हैं."

और फिर उसने भी मोना लिसा की तरह एक गुप्त मुस्कान बिखेरी.

अंत